# प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक भर्ती परीक्षा, 2010

## हल प्रश्न-पत्र

परीक्षा तिथि : 20-02-2011

### भाग-I

➤ **निर्देश :** *भाग 1 में चार प्रश्न 1 (A), 1 (B), 1 (C) और 1 (D) हैं। अभ्यर्थी इनमें से किसी एक प्रश्न का उत्तर भरें।*

**1.(A)** निम्नलिखित में से किस कटिबन्ध पर वर्ष में कम-से-कम एक बार दिन अथवा रात्रि की लम्बाई 24 घण्टे की अवधि की होती है?
(a) शीत कटिबन्ध (b) उष्ण कटिबन्ध
(c) शीतोष्ण कटिबन्ध (d) इनमें से कोई नहीं

**1.(B)** सूची-I एवं सूची-II को सुमेलित कीजिए तथा दिए गए कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए

| | सूची-I | | सूची-II |
|---|---|---|---|
| A. | दयानन्द सरस्वती | 1. | खुदाई खिदमतगार |
| B. | खान अब्दुल गफ्फार खान | 2. | तत्वबोधिनी सभा |
| C. | राममोहन राय | 3. | आर्य समाज |
| D. | देवेन्द्र नाथ टैगोर | 4. | ब्रह्म समाज |

कूट :

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 3 | 1 | 4 | 2 |
| (b) | 3 | 4 | 2 | 1 |
| (c) | 4 | 2 | 1 | 3 |
| (d) | 3 | 1 | 2 | 4 |

**1.(C)** 'अर्थशास्त्र चुनाव का विज्ञान है' यह कथन है
(a) मार्शल का (b) रॉबिन्स का
(c) एडम स्मिथ का (d) जे० के० मेहता का

**1.(D)** भारतीय संविधान में राज्य नीति के निदेशक तत्वों का उद्देश्य है
(a) साम्यवादी राज्य की स्थापना करना
(b) पूँजीवादी राज्य की स्थापना करना
(c) लोक कल्याणकारी राज्य की स्थापना करना
(d) अध्यक्षात्मक लोकतन्त्र की स्थापना करना

### भाग-II

➤ **निर्देश :** *इस भाग में चार खण्ड, खण्ड (अ), खण्ड (ब), खण्ड (स), खण्ड (द) दिये गये हैं। इन चार खण्डों में से किन्हीं दो खण्डों को हल करें।*

## खण्ड (अ) : इतिहास

**2.** 'पद्मावत्' के रचयिता कौन हैं?
(a) सूरदास (b) कबीर
(c) जायसी (d) तुलसीदास

**3.** 'ताजुके जहाँगीरी' किसने लिखी?
(a) बदायूनी (b) जहाँगीर
(c) बरनी (d) अबुल फजल

**4.** बुलन्द दरवाजा अकबर की किन पर विजय के उपलक्ष में बनाया गया था?
(a) राजपूत (b) मारवाड़
(c) गुजरात (d) डक्कन

**5.** 'मुझे नहीं मालूम क्या कानूनी है या क्या गैर-कानूनी, मैं राज्य की आवश्यकता अनुसार कानून बनाता हूँ।' यह किसने कहा था?
(a) बलबन
(b) अलाउद्दीन खिलजी
(c) फिरोज तुगलक
(d) रजिया सुल्तान

**6.** 'मनसब' क्या था?
(a) कार्यालय (b) ओहदा
(c) जागीर (d) जाट

**7.** 1857 में सिपाही विद्रोह कहाँ से प्रारम्भ हुआ?
(a) कानपुर (b) झाँसी
(c) ग्वालियर (d) मेरठ

**8.** शक सम्वत् कब प्रारम्भ हुआ?
(a) 56 ई० (b) 78 ई०
(c) 56 ई० पू० (d) 78 ई पू०

**9.** 'विधवा पुनर्विवाह एक्ट' कब पास हुआ?
(a) 1850 में (b) 1856 में
(c) 1870 में (d) 1860 में

**10.** 'उत्तररामचरितम्' के रचयिता कौन हैं?
(a) बिल्हण (b) भवभूति
(c) हेमचन्द्र (d) जयदेव

**11.** सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए तथा सूचियों के नीचे दिए गए कूट का उपयोग करके सही उत्तर का चयन कीजिए

| | सूची-I | | सूची-II |
|---|---|---|---|
| (A) | महाभाष्य | 1. | कालिदास |
| (B) | कुमारसम्भव | 2. | पाणिनि |
| (C) | अष्टाध्यायी | 3. | चाणक्य |
| (D) | अर्थशास्त्र | 4. | पतंजलि |

**कूट :**

| | A | B | C | D | | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (a) | 4 | 1 | 2 | 3 | (b) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (c) | 1 | 2 | 4 | 3 | (d) | 2 | 1 | 4 | 3 |

**12.** हर्षवर्धन के शासन काल में सत्ता का केन्द्र स्थान कौन-सा था?
(a) कन्नौज (b) थानेश्वर
(c) प्रयाग (d) वाराणसी

**13.** वल्लभाचार्य ने किसकी भक्ति का गान प्रचार किया?
(a) राम (b) विष्णु
(c) कृष्ण (d) शिव

**14.** यूनानी राजदूत मेगास्थनीज किसके दरबार में भारत आया था?
(a) अजातशत्रु (b) अशोक
(c) चन्द्रगुप्त मौर्य (d) बिम्बिसार

**15.** निम्नांकित में से बौद्ध धर्म किसकी हिमायत करता है?
(a) भूखा रहना (b) दु:ख भोग
(c) मध्यमार्ग (d) सही मार्ग

**16.** भारत में सर्वप्रथम आने वाले यूरोपीय कौन थे?
(a) फ्रांसीसी (b) ब्रिटिश
(c) पुर्तगाली (d) स्पैनिश

**17.** जयपुर शहर का संस्थापक कौन था?
(a) चूरामन (b) राजा सवाई जयसिंह
(c) राजा उदय सिंह (d) राजा मानसिंह

**18.** चगताई तुर्क शासन भारत में किस नाम से जाना जाता है?
(a) सैयद (b) खिलजी
(c) मुगल (d) लोदी

**19.** महाबलिपुरम् के सात रथों वाले मन्दिर किसने बनवाए?
(a) पल्लव (b) चोल
(c) चालुक्य (d) पाण्ड्या

**20.** इब्न बतूता किसके शासनकाल में भारत आया?
(a) आलउद्दीन खिलजी (b) गियासुद्दीन बिन तुगलक
(c) मुहम्मद बिन तुगलक (d) फिरोजशाह तुगलक

**21.** सयाना ने वेदों पर अपनी टीका किस भाषा में लिखी?
(a) तेलुगु (b) तमिल
(c) संस्कृत (d) पाली

**22.** माउण्ट आबू के दिलवाड़ा मन्दिरों का निर्माण किसने कराया?
(a) पाल शासकों ने (b) चन्देलों ने
(c) सोलंकी ने (d) राष्ट्रकूटों ने

**23.** निम्नांकित में से कौन-सा स्थान बौद्ध धर्म से सम्बन्धित नहीं है?
(a) नालन्दा (b) सोमनाथ
(c) सारनाथ (d) बोधगया

**24.** 'तुकानि-ए-चिहलगानी' कौन थे?
(a) सुल्तान के अंगरक्षक
(b) चालीस तुर्क अमीरों का समूह
(c) इस्लाम के धार्मिक विशेषज्ञ
(d) उपरोक्त में से कोई नहीं

**25.** भारतीय उप-महाद्वीप के किस भाग में हड़प्पा संस्कृति का उदय हुआ?
(a) पूर्वी (b) पश्चिमी
(c) उत्तरी-पश्चिमी (d) दक्षिणी-पूर्वी

**26.** पानीपत का द्वितीय युद्ध कब हुआ था?
(a) 4 नवम्बर, 1556 ई० में
(b) 5 नवम्बर, 1556 ई० में
(c) 6 नवम्बर, 1556 ई० में
(d) उपरोक्त में से कोई नहीं

**27.** भारत की राजधानी पुरानी दिल्ली से नई दिल्ली कब स्थानांतरित की गई?
(a) 5 फरवरी, 1931 (b) 4 फरवरी, 1931
(c) 6 फरवरी, 1931 (d) 7 फरवरी, 1931

**28.** 'अभिज्ञानशाकुन्तलम्' के लेखक कौन हैं?
(a) विशाखादत्त (b) बाणभट्ट
(c) कालिदास (d) भास

**29.** कुमार देवी किस गुप्त शासक की पत्नी थी?
(a) चन्द्रगुप्त प्रथम (b) समुद्रगुप्त
(c) रामगुप्त (d) चन्द्रगुप्त द्वितीय

**30.** सोलह संस्कारों में उपनयन संस्कार किस क्रम पर है?
(a) 11वाँ (b) 10वाँ
(c) 9वाँ (d) 12वाँ

**31.** निम्नलिखित में से किस सिक्ख गुरु के नेतृत्व में सिक्ख राजनैतिक व सैनिक शक्ति के रूप में संगठित हुए?
(a) गुरु तेग बहादुर (b) गुरु अर्जुन देव
(c) गुरु नानक (d) गुरु गोविन्द सिंह

**32.** असम, चटगाँव जैसे पूर्वोत्तर भागों पर विजय प्राप्त करने वाला मुगल सेनापति कौन था?
(a) राजा जयसिंह (b) मीर जुमला
(c) शाइस्ता खां (d) जसवन्त सिंह

**33.** मिर्जा गालिब किस सम्राट के समय में था?
(a) अकबर (b) बहादुर शाह द्वितीय
(c) जहाँगीर (d) अकबर द्वितीय

**34.** 1925 के कानपुर कांग्रेस के अध्यक्ष कौन थे?
(a) लाला लाजपत राय (b) सरदार वल्लभभाई पटेल
(c) पं० मोतीलाल नेहरू (d) सरोजिनी नायडू

**35.** 1773 के 'रेग्यूलेटिंग ऐक्ट' द्वारा स्थापित गवर्नर जनरल की परिषद् में सदस्य कौन नहीं था?
(a) मानसन (b) क्लेवरिंग
(c) बारबैल (d) क्रासिंस

**36.** 'किताब-उल-हिन्द' का लेखक कौन था?
(a) अमीर खुसरो (b) अलबरुनी
(c) इब्न बतूता (d) हसन निजामी

**37.** किस लेखक ने महात्मा गाँधी को 'प्रोफेशनल रीडर्स' की संज्ञा दी थी?
(a) फ्रेडरिक बी० फिशर (b) मर्टिन ग्रीन
(c) रोमां रोलां (d) सुभाष चन्द्र बोस

**38.** सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए तथा सूचियों के नीचे दिए गए कूट का उपयोग करके सही उत्तर का चयन कीजिए

| | सूची-I | | सूची-II |
|---|---|---|---|
| (A) | देशबन्धु चितरंजन दास | 1. | कस्तूरबा गाँधी |
| (B) | लाल लाजपत राय | 2. | स्वरूप रानी |
| (C) | महात्मा गाँधी | 3. | राधा देवी |
| (D) | मोतीलाल नेहरू | 4. | बसन्ती देवी |

**कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 2 | 1 | 4 | 3 |
| (b) | 4 | 3 | 1 | 2 |
| (c) | 1 | 4 | 2 | 3 |
| (d) | 2 | 3 | 4 | 1 |

**39.** प्रागैतिहासिक युग में मानव कहाँ रहता था?
(a) मचान पर (b) कन्दरा में
(c) झोपड़ी में (d) इन सभी में

**40.** चन्द्रगुप्त मौर्य की राजधानी थी
(a) मथुरा (b) पाटलिपुत्र
(c) वाराणसी (d) प्रयाग

**41.** कौन गुप्त शासक नहीं था?
(a) रामगुप्त (b) समुद्रगुप्त
(c) चन्द्रगुप्त (d) देवगुप्त

**42.** अश्वघोष का सम्बन्ध था
(a) वर्धन से (b) मौर्य से
(c) कुषाण से (d) गुप्त से

**43.** रामायण लिखी
(a) वाल्मीकि ने (b) वेदव्यास ने
(c) मनु ने (d) कौटिल्य ने

**44.** ईस्ट इण्डिया कम्पनी का निम्नलिखित में से आरम्भिक नारा क्या था?
(a) केवल भू-भाग (b) व्यापार और भू-भाग
(c) भू-भाग नहीं, व्यापार (d) इनमें से कोई नहीं

**45.** राष्ट्रकूट साम्राज्य का संस्थापक कौन था?
(a) कृष्ण I (b) दन्तिदुर्ग
(c) गोविन्द II (d) इनमें से कोई नहीं

**46.** ब्रह्म समाज का संस्थापक कौन था?
(a) ईश्वर चन्द्र विद्यासागर (b) केशव चन्द्र सेन
(c) बेंटिंक (d) राजा राममोहन राय

**47.** गौतम बुद्ध कहाँ पैदा हुए थे?
(a) कपिलवस्तु में (b) लुम्बिनी में
(c) सारनाथ में (d) इलाहाबाद में

**48.** 'बुद्धचरित' का लेखक कौन था?
(a) हरिषेण (b) अश्वघोष
(c) वसुमित्र (d) कालिदास

**49.** सिन्धु घाटी के निवासियों को किस धातु का ज्ञान नहीं था?
(a) सोना (b) चाँदी
(c) लोहा (d) ताँबा

**50.** प्राचीन भारत में निम्नलिखित में से किस शासक ने जैन धर्म स्वीकार कर संन्यास ले लिया था?
(a) बिम्बिसार (b) चन्द्रगुप्त मौर्य
(c) पुष्यमित्र (d) हर्ष

**51.** निम्नलिखित में से कौन एक युग्म सुमेलित नहीं है?
(a) कानपुर — नाना साहब
(b) झाँसी — लक्ष्मीबाई
(c) ग्वालियर — तात्या टोपे
(d) इलाहाबाद — कुँवर सिंह

**52.** किस दिल्ली सुल्तान ने घोड़ों को दागने की प्रथा प्रारम्भ की?
(a) इल्तुतमिश (b) बलबन
(c) अलाउद्दीन खिलजी (d) फिरोजशाह तुगलक

**53.** चालुक्य वंश की राजधानी थी
(a) वातापी (b) कन्नौज
(c) मान्यखेट (d) काँची

**54.** पल्लव वंश का अन्तिम शासक कौन था?
(a) राजराज प्रथम (b) नृपतुंग वर्मन
(c) कर्क तृतीय (d) अपराजित वर्मन

**55.** निम्नलिखित में से किस अधिनियम द्वारा ईस्ट इण्डिया कम्पनी के व्यापारिक अधिकारों को समाप्त कर दिया गया?
(a) रेगुलेटिंग एक्ट द्वारा
(b) 1813 के चार्टर एक्ट द्वारा
(c) 1833 के चार्टर एक्ट द्वारा
(d) 1853 के चार्टर एक्ट द्वारा

**56.** निम्नलिखित में से कौन सही सुमेलित है?

| | मुगल बादशाह | | विदेशी यात्री |
|---|---|---|---|
| (a) | अकबर | — | विलियम हॉकिंस |
| (b) | जहाँगीर | — | रॉल्फ फिच |
| (c) | शाहजहाँ | — | टॉमस रो |
| (d) | औरंगजेब | — | मनूची |

**57.** गुप्तकाल में किस धर्म का सबसे अधिक विकास हुआ?
(a) बौद्ध धर्म (b) जैन धर्म
(c) पौराणिक धर्म (d) यवनों का धर्म

**58.** रेलवे बोर्ड का गठन कब हुआ?
(a) 1905 में (b) 1901 में
(c) 1910 में (d) 1915 में

**59.** शेरशाह का मकबरा कहां स्थिति है?
(a) फतेहपुर सीकरी में (b) सासाराम में
(c) आगरा में (d) दिल्ली में

**60.** जोधाबाई महल स्थित है
(a) फतेहपुर सीकारी में (b) दिल्ली में
(c) अजमेर में (d) पानीपत में

**61.** हमीदा बानू बेगम पत्नी थी
(a) अकबर की (b) हुमायूँ की
(c) बाबर की (d) शेरशाह की

**62.** हर्ष ने किस विश्वविद्यालय को विशेष संरक्षण प्रदान किया?
(a) विक्रमशिला (b) तक्षशिला
(c) मगध (d) नालन्दा

**63.** 'अकबरनामा' का लेखक कौन था?
(a) अब्दुर्रहीम (b) अबुल फजल
(c) रसखान (d) बाबर

## खण्ड (ब) : भूगोल

**2.** कोरोमण्डल तट पर सर्वाधिक वर्षा होती है
(a) पश्चिमी विक्षोभ से
(b) दक्षिणी-पश्चिमी मानसून से
(c) उत्तरी-पूर्वी मानसून से
(d) स्थानीय पवनों से

**3.** उत्तरी-पश्चिमी भारत में शीतकालीन वर्षा होती है
(a) दक्षिणी-पश्चिमी मानसून से
(b) उत्तरी-पूर्वी मानसून से
(c) पश्चिमी विक्षोभ से
(d) स्थानीय झंझावात से

**4.** कोलकाता में (88 30 पूर्वी देशान्तर) यदि सूर्योदय प्रातः 06 बजकर 10 मिनट पर होता है तो मुम्बई (73 0 पूर्वी देशान्तर) में सूर्योदय का समय क्या होगा?
(a) प्रातः 07.00 बजे (b) प्रातः 06.40 बजे
(c) प्रातः 07.12 बजे (d) प्रातः 08.10 बजे

**5.** निम्नलिखित कथन पर विचार कीजिए तथा कारण को ध्यान में रखकर दिए गए कूटों से सही उत्तर का चयन कीजिए।

**कथन (A)** उष्ण मरुस्थलों का विस्तार महाद्वीपों के पश्चिमी छोर पर है।

**कारण (R)** वायुभार पेटियाँ मौसम के अनुसार उत्तर-दक्षिण खिसकती हैं।

(a) (A) तथा (R) दोनों सत्य हैं तथा (R), (A) की सही व्याख्या है
(b) (A) तथा (R) दोनों सत्य हैं परन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है
(c) (A) सत्य है, किन्तु (R) असत्य है
(d) (A) असत्य है, किन्तु (R) सत्य है

**6.** किसी नदी के खड़े पार्श्व वाली गहरी व संकीर्ण घाटी को कहते हैं
(a) कगार (b) कटक
(c) भृगु (d) महाखड्ड

**7.** भूकम्प की प्रबलता मापी जाती है
(a) एनीमोमीटर द्वारा (b) वर्नियर मापनी द्वारा
(c) प्लैनीमीटर द्वारा (d) रिक्टर मापनी द्वारा

**8.** सहारा में प्रवाहित होने वाली गर्म-शुष्क पवन कहलाती है
(a) फान (b) चिनूक
(c) मिस्ट्रल (d) सिरक्को

**9.** निश्चित सीमा व निश्चित दिशा में तीव्र गति से बहने वाली जलराशि को कहते हैं
(a) अपवाह (Drift)
(b) धारा (Current)
(c) विशाल धारा या प्रवाह (Stream)
(d) जेट स्ट्रीम (Jet Stream)

**10.** विक्षेप बल (Coriolis force) उत्पन्न होता है
(a) वायुदाब के अन्तर से (b) पृथ्वी के परिभ्रमण से
(c) तापमान के अन्तर से (d) उच्चावचीय विषमता से

**11.** दक्षिण गंगोत्री क्या है?
(a) प्रायद्वीपीय भारत की एक नदी
(b) युद्धक जलपोत
(c) हिमालय स्थित कोई झील
(d) अण्टार्कटिका में स्थापित भारतीय वैज्ञानिक अनुसन्धानों का स्थायी केन्द्र

**12.** निम्नलिखित कथन पर विचार कीजिए तथा कारण को ध्यान में रखकर दिए गए कूटों से सही उत्तर का चयन कीजिए

**कथन (A)** हिमालय पर्वत शीत ऋतु में उत्तर की ओर से आने वाली पवनों से भारत की रक्षा करता है।

**कारण (R)** हिमालय विश्व की सर्वोच्च एवं नवीतम वलित पर्वत श्रेणी है।

(a) (A) तथा (R) दोनों सत्य हैं तथा (R), (A) की सही व्याख्या है
(b) (A) तथा (R) दोनों सत्य हैं परन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है
(c) (A) सत्य है, परन्तु (R) असत्य है
(d) (A) असत्य है, परन्तु (R) सत्य है

**13.** सर्वाधिक लवणता पाई जाती है
(a) लाल सागर में (b) मृत सागर में
(c) अरब सागर में (d) काला सागर में

**14.** प्रमुख मत्स्य क्षेत्र 'ग्राण्ड बैंक' स्थित है
(a) दक्षिणी अटलांटिक महासागर में
(b) दक्षिणी प्रशान्त महासागर में
(c) उत्तरी अटलांटिक महासागर में
(d) उत्तरी प्रशान्त महासागर में

**15.** मंगोलायड्स प्रजाति की उत्पत्ति का क्षेत्र माना गया है
(a) मध्य यूरोप (b) मध्य एशिया
(c) मध्य अफ्रीका (d) मध्य ऑस्ट्रेलिया

**16.** निम्नलिखित में से कौन-सा नगर 'जापान का मैनचेस्टर' कहा जाता है?
(a) कोबे (b) ओसाका
(c) युवाता (d) टोकियो

**17.** निम्नलिखित में से कौन खनिज तेल उत्पादन हेतु प्रसिद्ध है?
(a) कारागण्डा (b) ट्रांसवाल
(c) किरकुक (d) केपयार्क

**18.** सूची-I एवं सूची-II को सुमेलित कीजिए तथा दिए गए कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए

| | सूची-I (देश) | | सूची-II (कृषि उत्पादन) |
|---|---|---|---|
| A. | ऑस्ट्रेलिया | 1. | जूट |
| B. | मिस्र | 2. | गन्ना |
| C. | क्यूबा | 3. | गेहूँ |
| D. | बांगलादेश | 4. | कपास |

**कूट:**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 3 | 2 | 1 | 4 |
| (b) | 3 | 4 | 2 | 1 |
| (c) | 1 | 3 | 4 | 2 |
| (d) | 4 | 1 | 3 | 2 |

**19.** निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा कथन सही नहीं है?
(a) मलिन बस्तियों को मुम्बई में 'चाल' कहते हैं
(b) मलिन बस्तियों को दिल्ली में 'झुग्गी-झोपड़ी' कहते हैं
(c) मलिन बस्तियों को कोलकाता में 'झोपड़-पट्टी' कहते हैं
(d) मलिन बस्तियों को चेन्नई में 'चेरी' कहते हैं

**20.** सूची-I एवं सूची-II को सुमेलित कीजिए तथा दिए गए कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए

| | सूची-I (झील) | | सूची-II (राज्य) |
|---|---|---|---|
| A. | सांभर | 1 | तमिलनाडु |
| B. | लोनार | 2 | उत्तराखण्ड |
| C. | पुलीकट | 3 | राजस्थान |
| D. | नौकुचिया | 4 | महाराष्ट्र |

**कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 2 | 3 | 4 | 1 |
| (b) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (c) | 3 | 1 | 2 | 4 |
| (d) | 3 | 4 | 1 | 2 |

**21.** सूर्य से निकटतम ग्रह है
(a) शुक्र (b) बुध
(c) मंगल (d) पृथ्वी

**22.** वायुमण्डलीय संरचना में निम्नलिखित में से किस गैस का सर्वाधिक भाग है?
(a) ऑक्सीजन (b) नाइट्रोजन
(c) आर्गन (d) हीलियम

**23.** वायुमण्डल की सबसे निचली परत है
(a) समताप मण्डल (b) आयन मण्डल
(c) क्षोभ मण्डल (d) ओजोन मण्डल

**24.** निम्न वायुदाब केन्द्र कहलाता है
(a) प्रतिचक्रवात (b) कुहरा
(c) चक्रवात (d) वाताग्र

**25.** कैरेबियन सागर में उत्पन्न होने वाले तूफान को कहते हैं
(a) चक्रवात (b) हरीकेन
(c) टाइफून (d) चिनूक

**26.** डोलड्रम निम्न अक्षांश रेखाओं के मध्य स्थित है
(a) 30 से 40 उत्तर व दक्षिण अक्षांश
(b) 25 से 60 उत्तर व दक्षिण अक्षांश
(c) 5 उत्तर व 5 दक्षिण अक्षांश
(d) 5 से 30 उत्तर व दक्षिण अक्षांश

**27.** फेरल का नियम सम्बन्धित है
(a) रेलमार्ग से (b) वायु संचार से
(c) वर्षा से (d) समुद्री मार्ग से

**28.** निम्नांकित में से कौन सही सुमेलित नहीं है?

| | **आकृति** | | **कारक** |
|---|---|---|---|
| (a) | यारडांग | — | वायु |
| (b) | एस्चुअरी | — | नदी |
| (c) | लटकती घाटी | — | हिमानी |
| (d) | नूनाटक | — | भूमिगत जल |

**29.** गल्फ स्ट्रीम धारा प्रवाहित होती है
(a) प्रशान्त महासागर में
(b) अन्ध महासागर के पश्चिमी तट पर
(c) आशा अन्तरीप के निकट
(d) आर्कटिक महासागर में

**30.** शिकार करने हेतु 'हारपून' नामक यन्त्र का प्रयोग किसके द्वारा किया जाता है?
(a) बुशमैन (b) एस्किमो
(c) पिग्मी (d) किरगीज

**31.** वायुमण्डल की ओजोन परत पृथ्वी को बचाती है
(a) गामा किरणों से (b) एक्स-किरणों से
(c) क्लोरोफ्लूरोकार्बन से (d) पराबैंगनी किरणों से

**32.** विश्व की प्रजातियों व उनके निवास स्थल के जोड़े प्रस्तुत हैं। गलत जोड़ा बताइए

| | | | |
|---|---|---|---|
| (a) | पिगमी | — | कांगो बेसिन |
| (b) | बद्दू | — | सऊदी अरब |
| (c) | सकाई | — | साइबेरिया |
| (d) | एस्किमो | — | उत्तरी अमेरिका का टुन्ड्रा प्रदेश। |

**33.** ग्रामीण अधिवासों में किस प्रकार के व्यवसायों की प्रधानता रहती है?
(a) प्राथमिक (b) द्वितीयक
(c) तृतीयक (d) चतुर्थक

**34.** मलेशिया प्रसिद्ध है
(a) रबड़ की बागाती कृषि के लिए
(b) कपास की कृषि के लिए
(c) चाय की कृषि के लिए
(d) गेहूँ की कृषि के लिए

**35.** निम्नांकित में से कौन धात्विक खनिज है?
(a) कोयला (b) चूना पत्थर
(c) जस्ता (d) जिप्सम

**36.** निम्नलिखित में कौन-सा तत्व लोहे का अयस्क नहीं होता है?
(a) मैग्नेटाइट (b) हेमेटाइट
(c) लिग्नाइट (d) सिडेराइट

**37.** सूची-I एवं सूची-II को सुमेलित कीजिए तथा दिए गए कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए

| | सूची-I (लौह अयस्क उत्पाद क्षेत्र) | | सूची-II (देश) |
|---|---|---|---|
| A. | मध्य-तटीय प्रक्षेत्र | 1. | फ्रांस |
| B. | किरुणा | 2. | संयुक्त राज्य अमेरिका |
| C. | लौरेन पठार | 3. | ऑस्ट्रेलिया |
| D. | मेसाबी | 4. | स्वीडेन |

कूट :

| | A | B | C | D | | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 2 | 3 | 4 | (b) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (c) | 3 | 4 | 1 | 2 | (d) | 3 | 4 | 2 | 1 |

**38.** भारत के किस राज्य में सर्वाधिक खनिज-संसाधन पाए जाते हैं?
(a) बिहार (b) झारखण्ड
(c) मध्य प्रदेश (d) पश्चिम बंगाल

**39.** पश्चिमी घाट को किस नाम से भी पुकारा जाता है?
(a) शिवालिक श्रेणी (b) विंध्याचल श्रेणी
(c) सहयाद्रि श्रेणी (d) अजन्ता श्रेणी

**40.** भारत की केन्द्रीय देशान्तर रेखा है
(a) 82 30 पू. (b) 85 30 पू.
(c) 87 30 पू. (d) 90 30 पू.

**41.** भारत की सबसे बड़ी खाड़ी है
(a) खम्भात (b) मन्नार
(c) कच्छ (d) बंगाल की खाड़ी

**42.** मणिपुर राज्य की राजधानी है
(a) शिलांग (b) कोहिमा
(c) इटानगर (d) इम्फाल

**43.** जबलपुर नगर किस नदी के किनारे पर स्थित है?
(a) गंगा (b) यमुना
(c) नर्मदा (d) गोदावरी

**44.** हिमालय पर्वत की उत्पत्ति किस काल में हुई थी?
(a) टर्शियरी (b) कारबोनीफेरस
(c) पैलियोजोइक (d) मेसोजोइक

**45.** तारापुर प्रसिद्ध है
(a) वस्त्र उद्योग के लिए
(b) चीनी उद्योग के लिए
(c) आणविक शक्ति केन्द्र के लिए
(d) रेशम उद्योग के लिए

**46.** निम्नलिखित में से कौन-सा कथन असत्य है?
(a) परत अपरदन में गहरी नालियाँ बनती हैं
(b) चीका मिट्टी में कण बहुत महीन होते हैं
(c) काली मिट्टी को रूसी भाषा में चरनोजम कहा जाता है
(d) ज्वालामुखी क्रिया से बनने वाली मिट्टी ज्वालामुखी मिट्टी कहलाती है

**47.** पनामा नहर जोड़ती है
(a) अटलांटिक महासागर — हिन्द महासागर
(b) कैरेबियन सागर — मैक्सिको की खाड़ी
(c) प्रशान्त महासागर — अटलांटिक महासागर
(d) प्रशान्त महासागर — हिन्द महासागर

**48.** सामान्य दशाओं के अन्तर्गत निम्नलिखित में से कौन-सा एक नदीय क्रिया द्वारा उत्पन्न लक्षणों का सही क्रमिक विकास है?
(a) जलप्रपात — विसर्प रोधिकाएँ — नदी वेदिकाएँ — गोखुर झीलें
(b) विसर्प रोधिकाएँ — नदी वेदिकाएँ — जलप्रपात — गोखुर झीलें
(c) जलप्रपात — नदी वेदिकाएँ — विसर्प रोधिकाएँ — गोखुर झीलें
(d) नदी वेदिकाएँ — विसर्प रोधिकाएँ — जलप्रपात — गोखुर झीलें

**49.** उत्तरी अमेरिका के कैलिफोर्निया, दक्षिणी अमेरिका के मध्य चिली और पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया के दक्षिण-पश्चिमी छोर के तटीय क्षेत्रों में निम्नलिखित में से कौन-सी जलवायु पाई जाती है?
(a) उष्ण कटिबन्धीय सवाना
(b) भूमध्यसागरीय
(c) आर्द्र महाद्वीपीय
(d) निम्न अक्षांश स्टेप

**50.** निम्नलिखित में से कौन-सी सुस्पष्ट आकृतियाँ हिमनदीय स्थलाकृति पर पाई जाती हैं?
(क) ड्रमलिन (ख) यारडंग
(ग) लटकती घाटी (घ) बालू तट
(a) ख एवं ग (b) क, ग एवं घ
(c) क एवं ग (d) ख एवं घ

**51.** पद 'भेड़ पीठ शैल' या 'रॉश मुटान' निम्नलिखित में से किस एक से समबद्ध है?
(a) वायूठ प्रक्रिया (b) नदीय प्रक्रिया
(c) हिमनदीय प्रक्रिया (d) अपक्षय प्रक्रिया

**52.** मिनामाता घटना, जो पर्यावरण अवनयन का उदाहरण है, निम्नलिखित में किस कारण से सम्बन्धित है?
(a) वायु प्रदूषण (b) न्यूक्लीयर दुर्घटना
(c) तापीय प्रदूषण (d) जल प्रदूषण

**53.** निम्नलिखित समूहों में से कौन-सी जनजातियाँ, अपना जीवन-यापन खाद्यान्न संग्रह तथा शिकार से करती हैं?
(a) बुशमैन, पिग्मी तथा एस्किमो
(b) मसाई, किरगीज तथा बोरो
(c) पिग्मी, एस्किमो तथा किरगीज
(d) बोरो, बुशमैन तथा मसाई

**54.** संयुक्त राज्य अमेरिका और कनाडा में रॉकी पर्वत श्रेणी के पूर्वी ढाल के साथ चलने वाला शुष्क स्थानीय पवन है
(a) फॉन (b) चिनूक
(c) सिरॉको (d) बोरा

**55.** सूची-I एवं सूची-II को सुमेलित कीजिए तथा दिए गए कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए

| | सूची-I (झील) | | सूची-II (राज्य) |
|---|---|---|---|
| (A) | वुलर झील | 1. | मणिपुर |
| (B) | लोनार झील | 2. | जम्मू-कश्मीर |
| (C) | पुलीकट झील | 3. | तमिलनाडु |
| (D) | लोकटक झील | 4. | महाराष्ट्र |

**कूट :**

| | A | B | C | D | | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (a) | 2 | 4 | 1 | 3 | (b) | 1 | 3 | 2 | 4 |
| (c) | 3 | 4 | 1 | 2 | (d) | 2 | 4 | 3 | 1 |

**56.** स्वेज नहर निम्नलिखित में किन सागरों को जोड़ती है?
(a) उत्तरी सागर एवं बाल्टिक सागर
(b) लाल सागर एवं भूमध्य सागर
(c) कैरिबियन सागर एवं प्रशान्त महासागर
(d) भूमध्यसागर एवं अटलांटिक महासागर

**57.** भारत के निम्नलिखित राज्यों का लिंगानुपात के अनुसार घटता हुआ क्रम है
(a) केरल, तमिलनाडु, छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश
(b) केरल, छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश, तमिलनाडु
(c) केरल, छत्तीसगढ़, तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश
(d) तमिलनाडु, केरल, उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़

**58.** सूर्य के प्रकाश को पृथ्वी पर पहुँचने में कितना समय लगता है?
(a) 08 मिनट 16.6 सेकण्ड
(b) 16 मिनट 08 सेकण्ड
(c) 30 मिनट 08 सेकण्ड
(d) 8 मिनट 20 सेकण्ड

**59.** कर्क रेखा भारत के निम्नलिखित प्रान्तों में किससे होकर नहीं गुजरती है?
(a) मध्य प्रदेश (b) उत्तर प्रदेश
(c) गुजरात (d) झारखण्ड

**60.** निम्नलिखित कथन पर विचार कीजिए तथा कारण को ध्यान में रखकर दिए गए कूटों से सही उत्तर का चयन कीजिए

**कथन (A)** बृहद् मरुस्थल, निम्न अक्षांशों पर अवस्थित होते हैं।

**कारण (R)** महाद्वीपीय विस्थापन के फलस्वरूप वे उच्च अक्षांशों से हट कर निम्न अक्षांशों में आ गए हैं।
(a) (A) तथा (R) दोनों सत्य हैं तथा (R), (A) की सही व्याख्या है
(b) (A) तथा (R) दोनों सत्य हैं परन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है
(c) (A) सत्य है, किन्तु (R) असत्य है
(d) (A) असत्य है, किन्तु (R) सत्य है

**61.** निम्नलिखित नदियों में से किस एक से कुरनूल-कुडप्पा नहर निकाली गई है?
(a) कावेरी (b) पेन्नेरू
(c) पलार (d) तुंगभद्रा

**62.** ग्रीष्मकालीन वर्षा की मात्रा को ध्यान में रखते हुए निम्नलिखित शहरों का वर्षा के सन्दर्भ में कौन-सा अनुक्रम सही है?
(a) अहमदाबाद > कोलकाता > इलाहाबाद
(b) कोलकाता > इलाहाबाद > अहमदाबाद
(c) इलाहाबाद > कोलकाता > अहमदाबाद
(d) इलाहाबाद > अहमदाबाद > कोलकाता

**63.** सूची-I एवं सूची-II को सुमेलित कीजिए तथा दिए गए कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए

| | **सूची-I (स्थल रूप)** | | **सूची-II (प्रक्रिया)** |
|---|---|---|---|
| (A) | प्राकृतिक तटबन्ध | 1. | बातोढ़ |
| (B) | एस्कर | 2. | कार्स्ट |
| (C) | पैल्जे | 3. | नदीय |
| (D) | बरकान | 4. | हिमनदीय |

**कूट :**

| | A | B | C | D | | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 2 | 3 | 4 | (b) | 4 | 3 | 1 | 2 |
| (c) | 3 | 4 | 2 | 1 | (d) | 2 | 3 | 1 | 4 |

## खण्ड (स) : अर्थशास्त्र

**2.** पूर्ण प्रतियोगिता में अल्पकाल में जब फर्म को हानि हो रही होती है, तो उसे बाजार से बाहर होने की स्थिति है
(a) कीमत औसत लागत से कम हो
(b) कीमत औसत परिवर्तनशील लागत से भी कम हो
(c) कीमत औसत स्थिर लागत से कम हो
(d) कीमत औसत लागत के बराबर हो

**3.** माँग की लोच कितने प्रकार की होती है?
(a) एक (b) दो (c) तीन (d) चार

**4.** एक उपभोक्ता जब सन्तुलन की स्थिति में होता है तो तटस्थता वक्र पर ....... स्पर्श रेखा होती है
(a) माँग रेखा (b) कीमत रेखा
(c) पूर्ति रेखा (d) माँग एवं पूर्ति रेखा

**5.** 'How to Pay for War' पुस्तक के लेखक हैं
(a) रॉबिन्स (b) पीगू
(c) कीन्स (d) इनमें से कोई नहीं

**6.** प्रमाणित समरूप वस्तुओं के उत्पादन करने वाली फर्मों के योग को ........ कहते हैं
(a) उद्योग (b) समूह
(c) फर्मों का समूह (d) कम्पनियों का समूह

**7.** स्वत: स्फूर्त अवस्था किस अर्थशास्त्री के विकास सिद्धान्त से सम्बन्धित है?
(a) मार्क्स (b) कीन्स
(c) शुम्पीटर (d) रोस्टोव

**8.** भारतीय अर्थव्यवस्था में कौन-सा लक्षण नहीं पाया जाता?
(a) गरीबी (b) अशिक्षा
(c) प्रति व्यक्ति उच्च न्याय (d) कृषि की प्रधानता

**9.** पूर्ण प्रतियोगिता की कौन–सी विशेषता नहीं है?
(a) उत्पादित वस्तुएँ समरूप होती हैं
(b) क्रेताओं एवं विक्रेताओं को बाजार का पूर्ण ज्ञान होता है
(c) उत्पत्ति के साधनों में पूर्ण प्रतियोगिता होती है
(d) क्रेताओं एवं विक्रेताओं की संख्या कम होती है

**10.** सर्वप्रथम जनसंख्या सिद्धान्त किस अर्थशास्त्री ने दिया?
(a) जे. एस. मिल (b) एडम स्मिथ
(c) माल्थस (d) रिकार्डो

**11.** डब्ल्यू. टी. ओ. (W.T.O.) कब अस्तित्व में आया?
(a) जनवरी, 1996 (b) जनवरी, 1997
(c) जनवरी, 1999 (d) जनवरी, 1995

**12.** मुद्रास्फीति से बाजार में चीजें
(a) सस्ती हो जाती हैं (b) प्रचुरता में मिलती हैं
(c) महंगी हो जाती हैं (d) बिल्कुल नहीं मिलती हैं

**13.** उत्पत्ति के नियम एवं पैमाने के प्रतिफल का सम्बन्ध है, क्रमशः
(a) दीर्घकाल एवं अल्पकाल से
(b) दीर्घकाल एवं दीर्घकाल से
(c) अल्पकाल एवं दीर्घकाल से
(d) अल्पकाल एवं अल्पकाल से

**14.**




उपर्युक्त चित्र का सन्तुलन दर्शाता है
(a) पूर्ण प्रतियोगी फर्म को असामान्य हानि
(b) एकाधिकारी फर्म को असामान्य लाभ
(c) पूर्ण प्रतियोगी फर्म को हानि
(d) अपूर्ण प्रतियोगी फर्म को असामान्य लाभ

**15.** कीन्स के रोजगार सिद्धान्त का मूल बिन्दु है
(a) समग्र माँग (b) समग्र पूर्ति
(c) प्रभावी माँग (d) प्रभावी पूर्ति

**16.** कीन्स के अनुसार सट्टा उद्देश्य हेतु मुद्रा की माँग
(a) ब्याज की दर के साथ धनात्मक रूप से परिवर्तित होती है
(b) ब्याज की दर के साथ ऋणात्मक रूप से परिवर्तित होती है
(c) ब्याज की दर से असम्बन्धित है
(d) इनमें से कोई नहीं

**17.** मुद्रा के परिमाण सिद्धान्त के अनुसार मुद्रा की पूर्ति एवं कीमत स्तर में
(a) धनात्मक एवं अनुपातिक सम्बन्ध होता है
(b) ऋणात्मक एवं आनुपातिक सम्बन्ध होता है
(c) धनात्मक एवं आनुपातिक सम्बन्ध होता है
(d) ऋणात्मक एव आनुपातिक सम्बन्ध होता है

**18.** व्यापार सन्तुलन वस्तुओं के ………… बराबर होता है
(a) आयात निर्यात (b) निर्यात आयात
(c) आयात निर्यात (d) इनमें से कोई नहीं

**19.** निम्नलिखित में से प्रथम घात वाला समरूप फलन कौन–सा है?
(a) अल्पकालीन उत्पादन फलन
(b) दीर्घकालीन उत्पादन फलन
(c) कॉब—डग्लस उत्पादन फलन
(d) इनमें से कोई नहीं

**20.** निम्नलिखित में से मुद्रा आपूर्ति की सर्वाधिक तरल माप क्या है?
(a) $M_1$ (b) $M_2$
(c) $M_3$ (d) $M_4$

**21.** भारत में 'गरीबी हटाओं' का नारा किस पंचवर्षीय योजना के अन्तर्गत दिया गया था?
(a) नौवीं (b) पाँचवीं
(c) चौथी (d) दूसरी

**22.** निम्न में से कौन–सा कथन सीमान्त लागत (MC) तथा औसत लागत (AC) के बीच सही सम्बन्ध को बताता है?
(a) जब AC वक्र गिरता है MC वक्र उसके ऊपर होता है।
(b) जब AC तथा MC दोनों वक्र बढ़ते हैं, परन्तु MC वक्र AC वक्र की तुलना में कम बढ़ता है
(c) यदि AC वक्र U आकार का है तो MC वक्र AC वक्र को उसके न्यूनतम बिन्दु पर काटता है
(d) यदि MC वक्र AC वक्र को उसके उच्चतम बिन्दु पर काटता है

**23.** गलत कथन बताइए
(a) जब औसत उत्पादन बढ़ता है तो सीमान्त उत्पादन औसत उत्पादन से अधिक होता है
(b) जब औसत उत्पादन अधिकतम होता है तो सीमान्त उत्पादन औसत उत्पादन के बराबर होता है
(c) सीमान्त उत्पादन वक्र औसत उत्पादन वक्र को निम्नतम बिन्दु पर काटता है
(d) जब औसत उत्पादन में कमी होती है तो सीमान्त उत्पादन औसत उत्पादन से कम होता है

**24.** सही कथन क्या है?
(a) वितरण का आधुनिक सिद्धान्त माँग और पूर्ति का सिद्धान्त है
(b) वितरण का आधुनिक सिद्धान्त कीमत निर्धारण का माँग सिद्धान्त है
(c) सीमान्त उत्पादकता सिद्धान्त भुगतान की समस्या को पूर्ति पक्ष के आधार पर देखता है
(d) साधनों की कीमतों तथा वस्तुओं की कीमतों के निर्धारण में कोई अन्तर नहीं है

**25.** शुद्ध लाभ में सम्मिलित नहीं है
(a) समन्वय का पारितोषिक
(b) जोखिम उठाने का प्रतिफल
(c) नव–प्रवर्तन का पारितोषिक
(d) एकाधिकारात्मक लाभ

**26.** **मुद्रा परिमाण के कैम्ब्रिज समीकरण में यदि कुल उत्पाद (Y) तथा मुद्रा (M) दोनों अपरिवर्तित रहें और K में वृद्धि हो जाए तो**
(a) निरपेक्ष मूल्य स्तर गिर जाएगा
(b) निरपेक्ष मूल्य स्तर बढ़ जाएगा
(c) सापेक्ष मूल्य स्तर गिर जाएगा
(d) सापेक्ष मूल्य स्तर बढ़ जाएगा

**27.** **फिशर के मुद्रा परिमाण सिद्धान्त की प्रमुख आलोचना इसलिए है कि**
(a) यह सिद्धान्त हमें यह नहीं बताता कि किस प्रकार मुद्रा की मात्रा में परिवर्तन कीमत स्तर को प्रभावित करता है
(b) यह मुद्रा की पूर्ति को स्थिर मानकर मुद्रा की माँग पर अधिक बल देता है
(c) यह मुद्रा के मूल्य में अल्पकालीन परिवर्तनों का विश्लेषण करता है
(d) यह कीमत स्तर पर अधिक बल देता है

**28.** **उपकर होता है**
(a) किसी कर पर अधिभार
(b) विलासी वस्तुओं पर एक अतिरिक्त कर
(c) आय प्राप्ति का अस्थायी उपाय
(d) एक कर जिससे प्राप्त आय किसी विशेष उद्देश्य से खर्च की जाए

**29.** **'लाभ अनिश्चितता का पारितोषिक है।' यह विचार प्रतिपादित किया**
(a) हॉले ने (b) नाइट ने
(c) क्लार्क ने (d) टाजिंग ने

**30.** **आर्थिक विकास की निम्न अवस्थाओं में से किस एक का उल्लेख रोस्टोव ने नहीं किया?**
(a) परम्परावादी समाज की अवस्था
(b) एकाधिकार पूँजीवाद की अवस्था
(c) आत्म—स्फूर्ति की अवस्था
(d) अत्यधिक उपभोग की अवस्था

**31.** **भारत में राष्ट्रीय आय का मुख्य स्त्रोत है**
(a) प्राथमिक क्षेत्र (b) द्वितीयक क्षेत्र
(c) तृतीयक क्षेत्र (d) विदेशी क्षेत्र

**32.** **अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष की स्थापना हुई थी**
(a) व्यापार तथा प्रशुल्क के सामान्य समझौते के परिणामस्वरूप
(b) यू. एन. ओ. के स्थापित होने के परिणामस्वरूप
(c) ब्रेटनबुड्स कॉन्फ्रेन्स के परिणामस्वरूप
(d) इनमें से कोई नहीं

**33.** **निम्न में से कौन विश्व बैंक से सम्बद्ध नहीं है?**
(a) अन्तर्राष्ट्रीय वित्त निगम
(b) अन्तर्राष्ट्रीय विकास संगठन
(c) अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष
(d) विश्व व्यापार संगठन

**34.** **भारत में हरित क्रान्ति के जनक हैं**
(a) ए. कुरियन (b) लाल बहादुर शास्त्री
(c) एम. एस. स्वामीनाथन (d) इनमें से कोई नहीं

**35.** **भारत में राष्ट्रीय आय का अनुमान किया जाता है**
(a) केन्द्रीय सांख्यिकीय संगठन द्वारा
(b) राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण द्वारा
(c) रिजर्व बैंक द्वारा
(d) वित्त मन्त्रालय द्वारा

**36.** **भारतीय रुपए का प्रथम बार अवमूल्यन किया गया**
(a) 1948 में (b) 1949 में
(c) 1950 में (d) 1951 में

**37.** **भारत में जनसंख्या वृद्धि की दृष्टि से महान विभाजक वर्ष है**
(a) 1911 (b) 1921
(c) 1931 (d) 1951

**38.** **राष्ट्रीय आय समिति, 1949 के अध्यक्ष थे**
(a) वी. के. आर. वी. राव
(b) पी. सी. महालनोविस
(c) डी. आर. गाडगिल
(d) के. सी. पंत

**39.** **किसी वाणिज्यिक बैंक की ऋण देय क्षमता निर्भर करती है**
(a) रखी हुई सरकारी प्रतिभूतियों पर
(b) नकद स्थिति पर
(c) अतिरिक्त नकदी रिजर्व पर
(d) बकाया आय तथा निवेश पर

**40.** **नीली क्रान्ति (Blue Revolution) का सम्बन्ध है**
(a) चाय उत्पादन से (b) सब्जी उत्पादन से
(c) समुद्री उत्पादन से (d) वनस्पति सघनता से

**41.** **ऐसा कर जो आय बढ़ने के साथ आय का एक बहुत बड़ा हिस्सा ले जाता है, कहलाता है**
(a) प्रगतिशील कर (b) समानुपातिक कर
(c) परोक्ष कर (d) प्रतिगामी कर

**42.** **माँग वक्र के दाहिनी ओर गिरते हुए आकार का कारण है**
(a) सम सीमान्त उपयोगिता नियम
(b) ह्रासमान उपयोगिता नियम
(c) ह्रासमान सीमान्त उपयोगिता नियम
(d) सीमान्त उपयोगिता नियम

**43.** **माँग वक्र के ऊपर उठने के कारण या अपवादी माँग वक्र के कारण निम्न में से कौन नहीं है?**
(a) मूल्यों के और अधिक बढ़ जाने के भय से बढ़े मूल्यों पर वस्तु की अधिक मात्रा क्रय करना
(b) प्रतिष्ठा से प्रेरित होकर बढ़े मूल्यों पर अधिक मात्रा क्रय करना
(c) अज्ञानता के कारण मूल्य बढ़ने पर अधिक मात्रा में क्रय करना
(d) माँग में वृद्धि के कारण अधिक मात्रा में क्रय करना

**44.** **दो वस्तुओं के मध्य तिर्यक या आड़ी माँग लोच के सम्बन्ध में निम्न कथनों में से कौन सही है?**
(a) जब दो वस्तुएँ पूर्ण स्थानापन्न हों तो आड़ी मांग लोच शून्य है
(b) जब दो वस्तुएँ एक-दूसरे से पूर्ण स्वतन्त्र हैं तो माँग की आड़ी लोच अनन्त है
(c) जब दो वस्तुएँ पूरक हैं तो माँग की आड़ी लोच धनात्मक है
(d) जब दो वस्तुएँ संयुक्त रूप से माँगी जाती हैं तो माँग की आड़ी लोच ऋणात्मक होती है

45. निम्न में से किसके साथ अधिक क्षमता का सिद्धान्त सम्बन्धित नहीं है?
(a) पूर्ण प्रतियोगिता (b) अपूर्ण प्रतियोगिता
(c) एकाधिकार (d) अल्पाधिकार

46. उत्पादन में अन्ततः कौन-सा नियम प्रभावी होता है?
(a) वृद्धिमान प्रत्युपलब्धि नियम
(b) ह्रासमान प्रत्युपलब्धि नियम
(c) स्थिर प्रत्युपलब्धि नियम
(d) इनमें से सभी

47. एकाधिकारिक प्रतियोगिता से अभिप्राय है
(a) उत्पादकों की अधिकता एवं वस्तुओं की एकरूपता
(b) उत्पादकों की अल्पता एवं वस्तुओं की एकरूपता
(c) उत्पादकों की अधिकता एवं वस्तुओं का विभेदीकरण
(d) उत्पादकों की अल्पता एवं वस्तुओं का विभेदीकरण

48. एकाधिकार आधारित है
(a) मांग के नियन्त्रण पर (b) पूर्ति के नियन्त्रण पर
(c) जनसंख्या नियन्त्रण पर (d) मूल्य स्तर के नियन्त्रण पर

49. मुद्रास्फीति के समय सार्वजनिक व्यय को
(a) बढ़ाना चाहिए
(b) घटाना चाहिए
(c) सन्तुलित रखना चाहिए
(d) पहले बढ़ाना चाहिए फिर घटाना चाहिए

50. निम्न में से कौन-सा कार्य राजकोषीय नीति से सम्बन्धित नहीं है?
(a) आबंटन कार्य (b) वितरण कार्य
(c) उत्पादन कार्य (d) स्थिरीकरण कार्य

51. प्रतिकूल भुगतान सन्तुलन ठीक करने हेतु निम्न उपायों में से कौन-सा उपाय मौद्रिक नहीं है?
(a) अपस्फीति (b) विनिमय नियन्त्रण
(c) अवमूल्यन (d) आयात प्रतिबन्ध

52. सार्वजनिक आय व व्यय के अन्तर को पूरा किया जा सकता है
(a) बाजार से उधार लेकर (b) दूसरे देशों से उधार लेकर
(c) नई मुद्रा निर्गमित कर (d) इन सभी से

53. यदि 100 सन्तरे ₹ 5 प्रति सन्तरे की दर से एक ऐसी अर्थव्यवस्था में बेचे जाते हैं जहाँ मुद्रा की कुल मात्रा ₹ 125 है तो बताइए कि फिशर के समीकरण के अनुसार प्रत्येक रुपया वर्ष भर में कितनी बार हाथों से गुजरेगा
(a) दो बार (b) तीन बार
(c) चार बार (d) पाँच बार

54. प्रशुल्क के सम्बन्ध में क्या सही नहीं है?
(a) यह आयात पर कर है
(b) भारत सरकार की आय का कम महत्वपूर्ण स्त्रोत है
(c) घरेलू उद्योगों को संरक्षण देता है
(d) देश के भुगतान सन्तुलन में सुधार लाता है

55. आभाष लगान है
(a) दीर्घकाल में प्राप्त होने वाला अस्थाई अतिरेक
(b) अल्पकाल में प्राप्त होने वाला अस्थाई अतिरेक
(c) स्थाई अतिरेक जो दीर्घकाल में प्राप्त होता है लेकिन अल्पकाल में नहीं
(d) स्थाई अतिरेक जो कभी समाप्त नहीं होता है

56. जब किसी को क्षति पहुँचाए बिना किसी को अच्छा बनाना सम्भव न हो तो ऐसी स्थिति को कहते हैं
(a) सम्भाविता अनुकूलतम
(b) पैरेटो अनुकूलतम
(c) जनसंख्या अनुकूलतम
(d) प्रदूषण अनुकूलतम

57. 'उत्पादन समाप्ति प्रमेय' सम्बन्धित है
(a) ए. पी. लर्नर से
(b) यूलर से
(c) हैबरलर से
(d) हैरोड-डोमर से

58. पैमाने का बढ़ता प्रतिफल निर्भर करता है
(a) आन्तरिक किफायतों पर
(b) बाह्य किफायतों पर
(c) आन्तरिक व बाह्य किफायतों दोनों पर
(d) इनमें से किसी पर भी नहीं

59. वर्तमान भारत में मुद्रा से तात्पर्य है
(a) सिक्के
(b) सिक्के व कागजी मुद्रा
(c) माँग जामयें
(d) उपरोक्त सभी

60. 'नाबार्ड' ऋण प्रदान करता है
(a) कृषि क्रियाओं के लिए
(b) कृषि क्रियाओं व ग्रामीण विकास के लिए
(c) हस्तशिल्प व अन्य शिल्प के लिए
(d) इनमें से सभी के लिए

61. यदि वस्तुएँ पूर्ण पूरक हों तो उदासीनता वक्र का आकार होगा
(a) L-आकार
(b) S-आकार
(c) Z-आकार
(d) इनमें से कोई नहीं

62. वह बिन्दु जहाँ फर्म अपनी परिवर्तनशील लागतें पूरा कर पाती है, कहलाता है
(a) सन्तुलन बिन्दु
(b) उत्पादन बन्द होने का बिन्दु
(c) अधिकतम लाभ बिन्दु
(d) इनमें से कोई नहीं

63. निकट से स्थानापन्नों की प्रति लोच
(a) इकाई से कम होती है
(b) इकाई से अधिक होती है
(c) शून्य होती है
(d) अनन्त होती है

## खण्ड (द) : नागरिक शास्त्र

**2.** भारतीय संविधान के कौन-से भाग में नीति निदेशक तत्त्वों का वर्णन है?
(a) प्रथम (b) द्वितीय
(c) चौथे (d) अन्तिम

**3.** भारतीय संविधान में स्वतन्त्रता का अधिकार निम्न में से किस अनुच्छेद में वर्णित किया गया है?
(a) अनुच्छेद—14 (b) अनुच्छेद—19
(c) अनुच्छेद—25 (d) अनुच्छेद—32

**4.** संविधान के कौन-से संशोधन द्वारा संविधान में नागरिकों के मौलिक कर्तव्य जोड़े गए हैं?
(a) सन् 1976 के 42वें संशोधन द्वारा
(b) सन् 1978 के 44वें संशोधन द्वारा
(c) सन् 1971 के 25वें संशोधन द्वारा
(d) सन् 1985 के 52वें संशोधन द्वारा

**5.** भारतीय संविधान का निर्माण निम्नलिखित में से किसने किया था?
(a) संसद ने
(b) संविधान सभा ने
(c) भारतीय राष्ट्रपति कांग्रेस ने
(d) भारतीय सर्वोच्च न्यायालय ने

**6.** भारत का संविधान बनने में समय लगा
(a) 1 वर्ष 10 माह 15 दिन
(b) 2 वर्ष 11 माह 18 दिन
(c) 3 वर्ष 4 माह 10 दिन
(d) 4 वर्ष 3 माह 5 दिन

**7.** भारतीय संविधान सभा के अध्यक्ष थे
(a) डॉ. राजेन्द्र प्रसाद (b) इंदिरा गाँधी
(c) महात्मा गाँधी (d) डॉ० भीमराव अम्बेडकर

**8.** सन् 1909 के एक्ट को दूसरे किस नाम से पुकारा जाता है?
(a) राज्य सभा सुधार बिल
(b) मोर्ले-मिन्टो सुधार
(c) होम रूल बिल
(d) मोण्टेग्यू बिल

**9.** 'श्रेणी समाजवाद' का सम्बन्ध निम्न में से किस देश से रहा है?
(a) फ्रांस से (b) अमेरिका से
(c) ब्रिटेन से (d) भारत से

**10.** व्यक्तिवाद व समाजवाद में किस प्रकार का सम्बन्ध है?
(a) परस्पर सहयोग (b) परस्पर आदान-प्रदान
(c) परस्पर मिलना (d) परस्पर विरोध

**11.** समाजवाद का सम्बन्ध मुख्यतया निम्न में से किस वर्ग से है?
(a) पूँजीपति (b) सैनिक
(c) श्रमिक (d) उत्पादक

**12.** सर्वाधिकारवाद में व्यक्ति की अपेक्षा निम्नलिखित में से किसे अधिक महत्व दिया जाता है?
(a) समाज को (b) राष्ट्र को
(c) राज्य को (d) संसार को

**13.** सामाजिक-आर्थिक उपबन्धों का वर्णन भारतीय संविधान में निम्न में से किस शीर्षक में मिलता है?
(a) नागरिकता उपबन्धों में
(b) नीति-निदेशक तत्वों में
(c) संघीय व्यवस्था के उपबन्धों में
(d) सर्वोच्च न्यायालय के उपबन्धों में

**14.** सामाजिक न्याय की अवधारणा पर निम्न में से कौन बल देते हैं?
(a) मार्क्सवादी (b) उदारवादी
(c) व्यक्तिवादी (d) बहुलवादी

**15.** 'जस्टिस' शब्द 'जस' से निकला है। 'जस' का सम्बन्ध निम्न में से किस भाषा से है?
(a) अंग्रेजी (b) फ्रांसीसी
(c) लैटिन (d) हिन्दी

**16.** "कानून उच्चतर द्वारा निम्नतर को दिया गया आदेश है।" कानून की यह परिभाषा निम्न में से किसने दी है?
(a) ऑस्टिन ने (b) सालमाण्ड ने
(c) विल्सन ने (d) ग्रीन ने

**17.** "जहाँ कानून नहीं होता, वहाँ स्वतन्त्रता भी नहीं होती। यह कथन निम्न में से किसका है?
(a) लॉक (b) लास्की
(c) ग्रीन (d) विलोबी

**18.** अधिकारों के ऐतिहासिक सिद्धान्त की मूल विशेषता है
(a) अधिकार प्राकृतिक रूप के होते हैं
(b) अधिकार राज्य की देन होते हैं
(c) राज्य समाज की देन है
(d) राज्य परम्पराओं की देन है

**19.** प्रभाव की एक विशेषता नहीं है
(a) उसे देखा जा सकता है
(b) उसे देखा नहीं जा सकता है
(c) उसे महसूस किया जा सकता है
(d) इसमें द्विसम्बन्ध होता है

**20.** "कानून सम्प्रभु का आदेश है।" यह निम्न में से किसने कहा था?
(a) ऑस्टिन ने (b) लास्की ने
(c) क्रैब ने (d) मैकाइवर ने

**21.** निम्न में से कौन तत्व राज्य को अन्य समुदायों/संगठनों में सें अलग करता है?
(a) भू-भाग (b) प्रशासन
(c) प्रभुसत्ता (d) जनसंख्या

**22.** "द स्टेट एण्ड रिवोल्यूशन" नामक पुस्तक किसने लिखी है?
(a) स्टालिन ने (b) मार्क्स ने
(c) लेनिन ने (d) माओ ने

**23.** 1688 में हुई गौरवपूर्ण क्रान्ति का सम्बन्ध निम्न में से किस देश से था?
(a) फ्रांस से (b) अमेरिका से
(c) जर्मनी से (d) इंग्लैण्ड से

**24.** ''राजनीति शास्त्र का 'प्रारम्भ और अन्त' राज्य के साथ ही होता है।'' यह कथन है
(a) लीकॉक का (b) गिलक्राइस्ट का
(c) गार्नर का (d) लास्की का

**25.** राज्य की उत्पत्ति का कौन-सा सिद्धान्त काल्पनिक नहीं है?
(a) दैवी सिद्धान्त
(b) शक्ति सिद्धान्त
(c) ऐतिहासिक सिद्धान्त
(d) सामाजिक समझौते का सिद्धान्त

**26.** 'परम्परागत राजनीति विज्ञान' का निम्न में से कौन लक्षण नहीं है?
(a) अमूर्त स्वरूप
(b) काल्पनिकता
(c) दार्शनिकता पर बल
(d) तथ्यों के अध्ययन पर बल

**27.** 'गीता रहस्य' पुस्तक के लेखक का नाम है
(a) रबीन्द्रनाथ टैगोर (b) महर्षि अरबिन्द
(c) महात्मा गाँधी (d) बी. जी. तिलक

**28.** महात्मा गाँधी भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष कब चुने गए थे?
(a) सन् 1921 में (b) सन् 1924 में
(c) सन् 1931 में (d) सन् 1938 में

**29.** ''जिसे जीना है उसे युद्ध करना होगा।'' यह कथन किसका है?
(a) सिकन्दर महान का (b) मुसोलिनी का
(c) माओत्से-तुंग का (d) हिटलर का

**30.** संविधान की किस अनुसूची के केन्द्र और राज्य के मध्य शक्तियों का विभाजन उपबन्धित है?
(a) 5वीं अनुसूची (b) 6वीं अनुसूची
(c) 7वीं अनुसूची (d) 8वीं अनुसूची

**31.** निम्नलिखित में से किसे 'भारतीय राष्ट्रवाद का मसीहा और आधुनिक भारत का जनक' माना जाता है?
(a) जयप्रकाश नारायण को (b) रबीन्द्रनाथ टैगोर को
(c) राजा राममोहन राय को (d) जवाहरलाल नेहरू को

**32.** 'सत्ता का विलय' एक विशेषता है
(a) संसदीय सरकार की
(b) अध्यक्षीय सरकार की
(c) इनमें से दोनों की
(d) इनमें से किसी की नहीं

**33.** 'फॉरवर्ड ब्लॉक' के संस्थापक कौन थे?
(a) राम मनोहर लोहिया
(b) सुभाष चन्द्र बोस
(c) अरुणा आसफ अली
(d) जयप्रकाश नारायण

**34.** महात्मा गाँधी ने अपना राजनीतिक गुरु स्वीकार किया था
(a) फिरोजशाह मेहता को
(b) दादाभाई नौरोजी को
(c) रवीन्द्रनाथ टैगोर को
(d) गोपालकृष्ण गोखले को

**35.** संविधान प्रारूप समिति के अध्यक्ष डॉ. बी. आर. अम्बेडकर ने किस अनुच्छेद को 'संविधान का हृदय एवं आत्मा' कहा है?
(a) अनुच्छेद-13 (b) अनुच्छेद-21
(c) अनुच्छेद-32 (d) अनुच्छेद-51

**36.** सर्वोच्च न्यायालय को संविधान के किस अनुच्छेद समूह से 'न्यायिक पुनरावलोकन की शक्ति' प्राप्त होती है?
(a) अनुच्छेद 12, 351 तथा 356 से
(b) अनुच्छेद 12, 151 तथा 156 से
(c) अनुच्छेद 13, 251 तथा 254 से
(d) अनुच्छेद 21, 24 तथा 25 से

**37.** निम्नलिखित में से किसे 'आधुनिक मनु' कहा जाता है?
(a) राजेन्द्र प्रसाद को (b) बी. एन. राव को
(c) महात्मा गाँधी को (d) बी. आर. अम्बेडकर को

**38.** हमारे देश में किसी राज्य की कार्यपालिका शक्ति का प्रधान होता है
(a) मुख्यमन्त्री (b) कैबिनेट मन्त्री
(c) राज्यपाल (d) मुख्य सचिव

**39.** हमारे संविधान के भाग-3 में उपबन्धित 'धर्म की स्वतन्त्रता का अधिकार' की अभिव्यक्ति किस प्रकार की है?
(a) नकारात्मक (b) सकारात्मक
(c) इनमें से दोनों (d) इनमें से कोई नहीं

**40.** भारत में नागरिकता सम्बन्धी विधान बनाने का प्राधिकार प्राप्त है
(a) संसद को (b) लोकसभा को
(c) राज्यसभा को (d) राज्य विधानमण्डलों को

**41.** हमारे संविधान के किस अनुच्छेद में 'पर्यावरण का संरक्षण तथा संवर्धन उपबन्धित है?
(a) अनुच्छेद 48 (b) अनुच्छेद 48 (क)
(c) अनुच्छेद 47 (d) अनुच्छेद 47 (क)

**42.** भारतीय संविधान में 'सार्वजनिक वयस्क मताधिकार' की व्यवस्था किस अनुच्छेद में उल्लिखित है?
(a) अनुच्छेद 324 (b) अनुच्छेद 325
(c) अनुच्छेद 326 (d) अनुच्छेद 327

**43.** प्रत्यक्ष लोकतन्त्र में यह व्यवस्था रहती है कि 'यदि जनता के निर्वाचित प्रतिनिधियों या अधिकारियों का व्यवहार संतोषजनक न हो, तो जनता उन्हें पद से हटाकर उनकी जगह नए प्रतिनिधि चुन सकती है।' इस पद्धति को कहते हैं
(a) प्रत्याह्वान (b) परिपृच्छा
(c) जनमत संग्रह (d) उपक्रम

**44.** किस संविदावादी विचारक ने प्राकृतिक अवस्था का चित्रण ''शान्ति, सद्भावना, पारस्परिक सहायता और सुरक्षा की अवस्था'' के रूप में किया है?
(a) हॉब्स (b) लॉक हेनरी मेन
(c) रुसो (d) पोप प्रथम

**45.** ''मैं ही राज्य हूँ'' यह घोषणा निम्नलिखित में से किसने की थी?
(a) जेम्स प्रथम (b) रॉबर्ट फिल्मर
(c) चौदहवें लुई (d) पोप प्रथम

**46.** ''राजनीति के बिना इतिहास निष्फल है, इतिहास के बिना राजनीति निर्मूल है।'' यह कथन निम्नलिखित में से किसका है?
(a) सेबाइन (b) सीले
(c) बार्कर (d) वेपर

**47.** मनुस्मृति के अनुसार राज्य के कितने अंग हैं?
(a) 4 (b) 7
(c) 12 (d) 5

**48.** अन्तर्राष्ट्रीय न्यायालय का मुख्यालय कहाँ पर स्थित है?
(a) न्यूयार्क में (b) वाशिंगटन में
(c) द हेग में (d) सैन फ्रान्सिसको में

**49.** संयुक्त राष्ट्र संघ के किस सदस्य को निषेधाकार (वीटो शक्ति) प्राप्त नहीं है?
(a) चीन (b) रूस
(c) जर्मनी (d) ब्रिटेन

**50.** भारत के महान्यायवादी (Attorney-General of India) की नियुक्ति कौन करता है?
(a) प्रधानमन्त्री
(b) संघ लोक सेवा आयोग
(c) राष्ट्रपति
(d) उपरोक्त में से कोई नहीं

**51.** स्वतन्त्र भारत के प्रथम कानून मन्त्री कौन थे?
(a) चक्रवर्ती राजगोपालाचारी
(b) बी. एन. राव
(c) डॉ. बी. आर. अम्बेडकर
(d) मेहरचन्द्र महाजन

**52.** 'द्वि-राष्ट्र सिद्धान्त' में कौन-सा दल विश्वास करता था?
(a) कम्युनिस्ट पार्टी
(b) कांग्रेस पार्टी
(c) कांग्रेस-समाजवादी पार्टी
(d) मुस्लिम लीग

**53.** ''स्वतन्त्रता मेरा जन्मसिद्ध अधिकार है और मैं इसे लेकर रहूँगा।'' किसने कहा?
(a) बाल गंगाधर तिलक
(b) लाला लाजपत राय
(c) विपिन चन्द्र पाल
(d) उपरोक्त में से कोई नहीं

**54.** 'समाजवाद'शब्द का प्रथम बार उपयोग करने वाला था
(a) रॉबर्ट ओवेन (b) मार्क्स
(c) एंजिल्स (d) सेंट साइमन

**55.** संयुक्त राष्ट्र संघ की सुरक्षा परिषद में कितने सदस्य अस्थायी हैं?
(a) 5 (b) 7
(c) 10 (d) 15

**56.** भारत में केन्द्रीय मन्त्रिपरिषद किसके प्रति उत्तरदायी है?
(a) लोकसभा (b) राज्यसभा
(c) संसद (d) इनमें से कोई नहीं

**57.** राज्यपाल की नियुक्ति किसके द्वारा की जाती है?
(a) प्रधानमन्त्री (b) राष्ट्रपति
(c) लोकसभा अध्यक्ष (d) इनमें से कोई नहीं

**58.** भूतपूर्व राजाओं के विशेषाधिकार को किस संवैधानिक संशोधन द्वारा समाप्त किया गया?
(a) 25वां (b) 26वां
(c) 27वां (d) इनमें से कोई नहीं

**59.** भारत के उपराष्ट्रपति का कार्यकाल कितने वर्ष का है?
(a) 3 (b) 4
(c) 5 (d) 6

**60.** भारतीय संविधान की प्रस्तावना में 42वें संविधान संशोधन द्वारा कौन-से शब्द जोड़े गए?
(a) स्वतन्त्रता एवं न्याय
(b) स्वतन्त्रता एवं भ्रातृत्व
(c) समानता एवं न्याय
(d) समाजवादी धर्म निरपेक्ष तथा राष्ट्र की अखण्डता

**61.** गाँधीजी के अनुसार अहिंसा का अर्थ है
(a) बुराई के सम्मुख समर्पण करना
(b) हिंसा से भयभीत होना
(c) आध्यात्मिक बल के आधार पर बुराई का प्रतिरोध
(d) इनमें से सभी

**62.** 'सामाजिक संविदा' का लेखक था
(a) बोदां (b) गार्नर
(c) जवाहरलाल नेहरू (d) रूसो

**63.** नाजीवाद का जनक था/थी
(a) इन्दिरा गाँधी (b) मुसोलिनी
(c) हिटलर (d) लेनिन

## उत्तरमाला

### भाग-I

**1. (A)** (a) **1. (B)** (a) **1. (C)** (b) **1. (D)** (c)

### भाग-II
### खण्ड (अ) : इतिहास

| | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | **2.** | (c) | **3.** | (b) | **4.** | (c) | **5.** | (b) | **6.** | (b) | **7.** | (d) | **8.** | (b) | **9.** | (b) | **10.** | (b) |
| **11.** | (a) | **12.** | (a) | **13.** | (b) | **14.** | (c) | **15.** | (c) | **16.** | (c) | **17.** | (b) | **18.** | (c) | **19.** | (a) | **20.** | (c) |
| **21.** | (a) | **22.** | (c) | **23.** | (b) | **24.** | (b) | **25.** | (c) | **26.** | (b) | **27.** | (d) | **28.** | (c) | **29.** | (a) | **30.** | (a) |
| **31.** | (b) | **32.** | (b) | **33.** | (b) | **34.** | (d) | **35.** | (d) | **36.** | (b) | **37.** | (a) | **38.** | (b) | **39.** | (b) | **40.** | (b) |
| **41.** | (d) | **42.** | (c) | **43.** | (a) | **44.** | (c) | **45.** | (b) | **46.** | (d) | **47.** | (b) | **48.** | (b) | **49.** | (c) | **50.** | (b) |
| **51.** | (d) | **52.** | (c) | **53.** | (a) | **54.** | (d) | **55.** | (c) | **56.** | (d) | **57.** | (a) | **58.** | (a) | **59.** | (b) | **60.** | (a) |
| **61.** | (b) | **62.** | (d) | **63.** | (b) | | | | | | | | | | | | | | |

### खण्ड (ब) : भूगोल

| | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | **2.** | (c) | **3.** | (c) | **4.** | (c) | **5.** | (b) | **6.** | (d) | **7.** | (d) | **8.** | (d) | **9.** | (b) | **10.** | (b) |
| **11.** | (d) | **12.** | (b) | **13.** | (b) | **14.** | (c) | **15.** | (b) | **16.** | (b) | **17.** | (c) | **18.** | (b) | **19.** | (*) | **20.** | (d) |
| **21.** | (b) | **22.** | (b) | **23.** | (c) | **24.** | (c) | **25.** | (b) | **26.** | (c) | **27.** | (b) | **28.** | (d) | **29.** | (b) | **30.** | (b) |
| **31.** | (d) | **32.** | (c) | **33.** | (a) | **34.** | (a) | **35.** | (c) | **36.** | (c) | **37.** | (c) | **38.** | (b) | **39.** | (c) | **40.** | (a) |
| **41.** | (d) | **42.** | (d) | **43.** | (c) | **44.** | (a) | **45.** | (c) | **46.** | (a) | **47.** | (c) | **48.** | (c) | **49.** | (b) | **50.** | (c) |
| **51.** | (c) | **52.** | (d) | **53.** | (a) | **54.** | (b) | **55.** | (a) | **56.** | (b) | **57.** | (a) | **58.** | (a) | **59.** | (b) | **60.** | (c) |
| **61.** | (b) | **62.** | (b) | **63.** | (c) | | | | | | | | | | | | | | |

### खण्ड (स) : अर्थशास्त्र

| | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | **2.** | (b) | **3.** | (*) | **4.** | (b) | **5.** | (c) | **6.** | (b) | **7.** | (d) | **8.** | (c) | **9.** | (d) | **10.** | (c) |
| **11.** | (d) | **12.** | (c) | **13.** | (c) | **14.** | (c) | **15.** | (c) | **16.** | (b) | **17.** | (c) | **18.** | (b) | **19.** | (c) | **20.** | (a) |
| **21.** | (b) | **22.** | (c) | **23.** | (b) | **24.** | (a) | **25.** | (d) | **26.** | (c) | **27.** | (a) | **28.** | (d) | **29.** | (b) | **30.** | (b) |
| **31.** | (c) | **32.** | (c) | **33.** | (d) | **34.** | (c) | **35.** | (a) | **36.** | (b) | **37.** | (b) | **38.** | (b) | **39.** | (c) | **40.** | (c) |
| **41.** | (a) | **42.** | (c) | **43.** | (d) | **44.** | (d) | **45.** | (a) | **46.** | (b) | **47.** | (c) | **48.** | (b) | **49.** | (b) | **50.** | (b) |
| **51.** | (d) | **52.** | (d) | **53.** | (c) | **54.** | (b) | **55.** | (b) | **56.** | (b) | **57.** | (b) | **58.** | (c) | **59.** | (d) | **60.** | (b) |
| **61.** | (a) | **62.** | (b) | **63.** | (b) | | | | | | | | | | | | | | |

### खण्ड (द) : नागरिक शास्त्र

| | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | **2.** | (c) | **3.** | (b) | **4.** | (a) | **5.** | (b) | **6.** | (b) | **7.** | (a) | **8.** | (b) | **9.** | (c) | **10.** | (d) |
| **11.** | (c) | **12.** | (c) | **13.** | (b) | **14.** | (a) | **15.** | (c) | **16.** | (a) | **17.** | (a) | **18.** | (d) | **19.** | (a) | **20.** | (a) |
| **21.** | (c) | **22.** | (c) | **23.** | (d) | **24.** | (c) | **25.** | (c) | **26.** | (d) | **27.** | (d) | **28.** | (b) | **29.** | (b) | **30.** | (c) |
| **31.** | (c) | **32.** | (a) | **33.** | (b) | **34.** | (d) | **35.** | (c) | **36.** | (c) | **37.** | (d) | **38.** | (c) | **39.** | (c) | **40.** | (a) |
| **41.** | (b) | **42.** | (c) | **43.** | (a) | **44.** | (b) | **45.** | (c) | **46.** | (b) | **47.** | (b) | **48.** | (c) | **49.** | (c) | **50.** | (c) |
| **51.** | (c) | **52.** | (d) | **53.** | (a) | **54.** | (a) | **55.** | (c) | **56.** | (c) | **57.** | (b) | **58.** | (b) | **59.** | (c) | **60.** | (d) |
| **61.** | (c) | **62.** | (d) | **63.** | (c) | | | | | | | | | | | | | | |